L 196

## बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना
## तकनीकी निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File No.- BMSIC/75030/19-2023 NIT No.-BMSICL/Infra/40/2023

आज दिनांकः–07/06/2024 को बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना के सभाकक्ष में उपरोक्त NIT-40/2023 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु प्राप्त तकनीकी बिड के मूल्यांकन एवं निष्पादन के क्रम में निविदादाताओं से प्राप्त Clarification के उपरांत निविदा निष्पादन हेतु निविदा समिति की बैठक मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिए:–

(1) श्री बिरेन्द्र कुमार, मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना–अध्यक्ष
(2) संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना– सदस्य
(3) श्री इम्तियाज अहमद, महाप्रबन्धक (परियोजना), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(4) श्री रवीन्द्र कुमार, महाप्रबन्धक (प्रोक्युरमेंट), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(5) श्री प्रिय रंजन राजू, प्रभारी आधारभूत संरचना, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना–सदस्य
(6) श्री रमेन्द्र कुमार, महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सहयोजित सदस्य
(7) श्री, रामा शंकर प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य

निगम द्वारा निविदा आमंत्रण संख्या–BMSICL/Infra/40/2023 दिनांक 29/12/2023 के द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु ई–टेंडर पद्धति से निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा के प्रकाशन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक सं0–BMSIC/75030/19-2023/8123 दिनांकः–29/12/2023 द्वारा निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पटना को राज्य के प्रमुख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु अनुरोध किया गया। फलस्वरूप सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन दिनांकः–02/01/2024 को हिन्दुस्तान एवं अन्य समाचार पत्रों में किया गया, जिसका विज्ञापन संख्या–PR-14416 (नि0नि0) 2023–24 है। निविदा के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु उक्त निविदा का प्रकाशन निगम के वेबसाईट www.bmsicl.gov.in एवं https://eproc2.bihar.gov.in पर भी किया गया।

निविदा आमंत्रण के पश्चात् दिनांकः–21/02/2024 को प्राप्त निविदाओं को ई–प्रोक्यूरमेंट 2 के वेबसाईट पर खोला गया। निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा दस्तावेज में वर्णित शर्तों के आलोक में प्राप्त निविदाओं को तकनीकी तुलनात्मक विवरणी के आधार पर दिनांकः–15.05.2024 की बैठक में Clarification प्राप्त करने के निर्णय के आलोक में निविदादाताओं से Clarification प्राप्त रहने के उपरांत सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए :–

**ग्रुप संख्याः–01 Construction of Government Medical College & Hospital, Munger having 150 Admission Medical College, 630 bed Hospital Building, Residential Building for faculty and staff, 720+110=830 Bed Hostel Building, Medical & NonMedical furniture and other miscellaneous work. परिमाण विपत्र की राशि रू0 509.48 करोड़, कार्य पूर्णता की अवधि 24 माहः– इस**

कार्य हेतु सात निविदाएँ प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

1.1 **KPC PROJECTS LIMITED, TELANGANA** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) SBD की कंडिका 4.5 (B) a के अनुसार Equipment जिसकी आयु 5 वर्षों से कम हो, की सूचना विहित प्रपत्र में दिया जाना है, परंतु निविदादाता के द्वारा Equipment की सूचना विहित प्रपत्र में संलग्न किया गया था, परंतु Equipment यथा Water Tanker, Transit Concrete Mixers, Tractor with trolley,Vibrators, Dumper की आयु 5 वर्षों से अधिक थी। पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर **Clarification** लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा 5 वर्षों से कम आयु की Water Tanker, Transit Concrete Mixers, Tractor with trolley,Vibrators, Dumper से संबंधित नया Invoice समर्पित किया गया है, जो मान्य नही है।

अतः उक्त निविदादाता द्वारा उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ता को पूरा नहीं किए जाने के कारण उसे तकनीकी रूप से **Non Responsive** एवं **असफल** मानते हुए वित्तीय बिड नहीं खोलने का निर्णय लिया गया।

1.2 **STAR INFRATECH, BANGALORE** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के द्वारा निविदा अभिलेख के साथ समर्पित HVAC Work हेतु किसी अन्य संवेदक से Tie-up Agreement करते हुए Sub Contractor के रूप में उनका अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया था। जबकि SBD की कंडिका 4.5(A)(b) के अनुसार HVAC Work का अनुभव As a Prime Contractor के रूप में होना चाहिए। पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर **Clarification** लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा इस संदर्भ में पूर्व में अपलोड किए गये Sub Contractor के अनुभव प्रमाण–पत्र को ही पुनः समर्पित किया गया है, जो SBD की कंडिका 4.5(A)(b) के अनुसार मान्य नही है।

अतः उक्त निविदादाता द्वारा उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ता को पूरा नहीं किए जाने के कारण उसे तकनीकी रूप से **Non Responsive** एवं **असफल** मानते हुए वित्तीय बिड नहीं खोलने का निर्णय लिया गया।

1.3 **KMV PROJECTS LTD, HYDERABAD**:– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) SBD की कंडिका 4.5 (B) a के अनुसार Equipment (Tools & Plant) से संबंधित दस्तावेज समर्पित किया जाना था परन्तु निविदादाता के द्वारा निविदा अभिलेख के साथ समर्पित Tools & Plant से संबंधित दस्तावेज में Transit Mixer एवं Transit Concrete Mixer का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं रहने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर **Clarification** लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा Transit Mixer एवं Transit Concrete Mixer से संबंधित नया Invoice समर्पित किया गया है, जो मान्य नही है। विदित हो कि निविदादाता द्वारा पूर्व में निविदा दस्तावेज के साथ केवल Concrete Mixer से संबंधित Invoice समर्पित किया गया था।

194

अतः उक्त निविदादाता द्वारा उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ता को पूरा नहीं किए जाने के कारण उसे तकनीकी रूप से **Non Responsive** एवं **असफल** मानते हुए वित्तीय बिड नहीं खोलने का निर्णय लिया गया।

1.4 **M/S CAPACITE INFRAPROJECTS LTD, MUMBAI** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के द्वारा Electrical Licence से संबंधित दस्तावेज Sub Contractor के रूप में समर्पित किया गया था, समर्पित Licence एवं Tie-up Agreement में Sub Contractor का पता भिन्न रहने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा Clarification के माध्यम से प्रमाणित किया गया कि दोनों पता उनके Electrical Work से संबंधित Sub Contractor का ही है।

(ii) निविदादाता के द्वारा समर्पित निविदा अभिलेख में STP & ETP से संबंधित अनुभव किस वित्तीय वर्ष में कितनी राशि का किया गया है, स्पष्ट नहीं रहने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा Clarification के माध्यम से STP & ETP से संबंधित अनुभव के संदर्भ में पूर्व में अपलोड किए गये दस्तावेज के आधार पर स्पष्ट किया गया कि पिछले सात वर्ष के किसी एक वित्तीय वर्ष में उनके द्वारा निविदा में वाछित अहर्त्ता से अधिक का कार्य किया गया है।

फलस्वरूप निविदादाता द्वारा निविदा अभिलेख के साथ समर्पित दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरान्त पाया गया कि उक्त निविदादाता निविदा के सभी अहर्त्ताओं को पुरा करते है। अतः उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं **सफल** मानते हुए उनके वित्तीय बीड को खोलने की अनुशंसा की जाती है।

1.5 **NYATI ENGINNERS & CONSULTANTS PVT LTD, PUNE** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुएः–

(i) **SBD** की कंडिका 4.5 (B) c के अनुसार निविदा में Liquid Asset की राशि 127.37 Cr से कम नहीं होनी चाहिए थी परन्तु उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज में Liquid Asset से संबंधित राशि Minimum अर्हता से कम समर्पित किए जाने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा Clarification के माध्यम से इस संदर्भ में पूर्व में अपलोड किए गये दस्तावेज के आधार पर स्पष्ट किया गया कि उनके द्वारा Liquid Asset से संबंधित अभिलेख निविदा में वाछित अहर्त्ता से अधिक की है।

फलस्वरूप निविदादाता द्वारा निविदा अभिलेख के साथ समर्पित दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरान्त पाया गया कि उक्त निविदादाता निविदा के सभी अहर्त्ताओं को पुरा करते है। अतः उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं **सफल** मानते हुए उनके वित्तीय बीड को खोलने की अनुशंसा की जाती है।

1193

1.6 **UTTAR PRADESH RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD, LUCKNOW** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के द्वारा निविदा अभिलेख के साथ Blacklisting/Debar से संबंधित शपथ पत्र समर्पित नहीं किए जाने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा इस संदर्भ में निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि का शपथ पत्र समर्पित किया गया है, जो मान्य नही है।

(ii) संबंधित निविदादाता को भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक–699, दिनांक–02.04.2024 के माध्यम से पत्र निर्गत की तिथि से अगले किसी निविदा में भाग लेने से डिबार किए जाने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उन्हे कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा उनके पत्रांक–699, दिनांक–02.04.024 के द्वारा कार्य समाप्ति तक अगली किसी निविदा में भाग लेने से सशर्त डिबार किया गया है, जो निविदा के अंतिम तिथि के उपरांत किया गया है।

(iii) निविदादाता के द्वारा Works for which bid already Submitted संबंधित दस्तावेज निविदा अभिलेख के साथ समर्पित नहीं किए जाने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा इस संदर्भ में निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि का Works for which bid already Submitted से संबंधित दस्तावेज समर्पित किया गया है, जो मान्य नही है।

अतः उक्त निविदादाता द्वारा उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ताओं को पूरा नहीं किए जाने के कारण उसे तकनीकी रूप से **Non Responsive** एवं **असफल** मानते हुए वित्तीय बिड नहीं खोलने का निर्णय लिया गया।

1.7 **RKSCPL-GSIPL(JV), GURGAON HARYANA** :– उक्त निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेज एवं समर्पित Clarification के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के Lead Partner द्वारा समरूप कार्य के लिए समर्पित अस्पताल निर्माण कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र में राशि अथवा Built-up Area स्पष्ट नही रहने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा Clarification के माध्यम से इस संदर्भ में पूर्व में अपलोड किए गये दस्तावेज के आधार पर स्पष्ट किया गया कि उनके द्वारा अस्पताल निर्माण कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र में Built-up Area संबंधी अहर्त्ता निविदा में वांछित अहर्त्ता से अधिक की है।

(iv) निविदादाता के **Other Partner** (GLOBALZONE SANITARY INFRASTRUCTURE PVT LTD) को NLC India Ltd. द्वारा दिनांक–30.09.2022 से दो वर्षो के लिए Ban/Debar किए जाने के कारण पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर Clarification लेने का अनुशंसा किया गया था।

192

जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उन्हे NLC India Ltd. द्वारा दिनांक–30.09.2022 से अगले दो वर्ष के लिए NLC India Ltd and its subsidiaries की किसी निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है, फलस्वरूप उक्त आदेश केवल NLC India Ltd or its subsidiaries के निविदा में ही लागू होगा। उल्लेखनीय है कि यदि कोई निविदादाता निविदा आमंत्रण अथवा निविदा निष्पादन की तिथि तक डिबार/ब्लेकलिस्ट होते है तो उनकी निविदा को अमान्य माना जाता है। चूँकि निविदादाता के Other Partner (GLOBALZONE SANITARY INFRASTRUCTURE PVT LTD) निविदा की अंतिम तिथि के पूर्व से ही डिबार है फलस्वरूप उनकी निविदा को अमान्य माना जाता है।

अतः उक्त निविदादाता द्वारा उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ता को पूरा नहीं किए जाने के कारण उसे तकनीकी रूप से **Non Responsive** एवं **असफल** मानते हुए वित्तीय बिड नहीं खोलने का निर्णय लिया गया।

अन्त में समिति की बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।

अनुलग्नक–निविदादाताओं से प्राप्त Clarification की छायाप्रति।

(रामा शंकर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक (मुख्यालय)
BMSICL, Patna

(रमेन्द्र कुमार)
महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा),
BMSICL, Patna

(इम्तियाज अहमद)
महाप्रबंधक (परियोजना)
BMSICL, Patna

(रवीन्द्र कुमार)
महाप्रबन्धक (प्रोक्युरमेंट)
BMSICL, Patna

(प्रिय रंजन राजू)
प्रभारी आधारभूत संरचना,
राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना

संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि,
स्वास्थ्य विभाग बिहार पटना

(बिरेन्द्र कुमार)
मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना)
BMSICL, Patna